CHiPS

# कार्यालय चिप्स

स्टेट डाटा सेंटर भवन, सिविल लाईन्स रायपुर, छत्तीसगढ़
फोन नं. 0771–4014158 फैक्स नं. 0771–4066205

क्रमांक 2708/ मुकाअ / चिप्स / 2019 रायपुर, दिनांक 29/11/2019

प्रति,

कलेक्टर,
जिला–गरियाबंद
छत्तीसगढ़

विषयः–भारतनेट परियोजना हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित वनभूमि 17.998 हेक्टेयर का FRA प्रमाण पत्र एवं राजस्व वनभूमि 1.101 हेक्टेयर का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने विषयक।

संदर्भः–क्रमांक / भानेप्रो–II / वनभूमि / एफआरए–अनापत्ति / 2019–20 / 19 रायपुर, दिनांक 21/10/2019

––00––

विषयानुसार छत्तीसगढ़ राज्य में भारतनेट परियोजना के तहत राज्य में 85 ब्लाक के 5987 ग्राम पंचायतो में इंटरनेट कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए लगभग 32 हजार किमी. की आप्टिकल फाइबर केबल बिछाई जा रही हैं। जिसमें लगभग 5000 किमी. वन क्षेत्र भी सम्मिलित है।

इस तारतम्य में फारेस्ट ROW की स्वीकृति के लिए ऑनलाईन आवेदन किया जाना हैं जिसके लिए गरियाबंद वनमण्डल अन्तर्गत बिंद्रा,नवागढ़,छुरा,देवभोग एवं मैनपुर ब्लॉक के सम्मिलित ग्राम पंचायतों के मार्गो के समानान्तर वनभूमि पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित वनभूमि **17.998** हेक्टेयर का FRA प्रतिवेदन एवं राजस्व **1.101** हेक्टेयर का अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। जिसके लिए वनक्षेत्र का विवरण पत्र के साथ संलग्न है।

भारतनेट एक Linear Project हैं एवं Linear Project के लिए भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, इंन्द्रा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली के आदेश (पत्र क्रमांक F.No. 11-09/98-FC(Pt.) दिनांक 28 अक्टूबर 2014") की जानकारी पत्र के साथ संलग्न हैं।

अतः ROW की ऑनलाईन आवेदन प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए, प्रभावित वनभूमि **17.998** हेक्टेयर का FRA प्रमाण पत्र एवं राजस्व वनभूमि **1.101** हेक्टेयर का नियमानुसार अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रदान करने का कष्ट करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

Reela 4/12/19

आवक / लिपिक
कार्यालय जिला–गरियाबंद
छत्तीसगढ़

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
चिप्स

Scanned by CamScanner

TATA

क्रमांक / भानेप्रो–II / वनभूमि / एफआरए–अनापत्ति / 2019–20/ रायपुर, दिनांक : 21.10.2019

प्रति,

**कलेक्टर महोदय,**
जिला कार्यालय परिसर, गरियाबंद
जिला–गरियाबंद (छत्तीसगढ़).

विषय : भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना "भारतनेट प्रोजेक्ट (A Part of Digital India)" के सफल कियान्वयन हेतु आपके जिला क्षेत्र के गरियाबंद वनमण्डल क्षेत्रान्तर्गत बिंद्रानवागढ़, छुरा, देवभोग एवं मैनपुर ब्लॉक अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायतों के मार्ग समानांतर वनभूमि पर आप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित **17.998 हे. वनभूमि, 1.101 हे. राजस्व वनभूमि, कुल रकबा 19.099 हे.**वनभूमि का FRA प्रतिवेदन एवं राजस्व वनभूमि का अनापत्ति पत्र "CEO छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (CHiPS) रायपुर" के नाम से प्रदान करने विषयक अनुरोध ।

संदर्भ : 1) कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, सिविल लाईन्स, रायपुर का पत्र क्रमांक / 2803 / मुकाअ / चिप्स / 2018 रायपुर, दिनांक 07.12.2018 ।

2) छत्तीसगढ़ शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर का पत्र क्रमांक–एफ 9–12 / 2018 / 1 / 5 रायपुर, दिनांक 06.04.2018 ।

3) कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी, चिप्स, सिविल लाईन्स, रायपुर का पत्र क्रमांक / 2295 / सीईओ / चिप्स / भारतनेट / एमएसआई / 2018रायपुर, दिनांक 06.10.2018 ।

4) कार्यालयीन पत्र क्रमांक / टाप्रोलि / ओएफसी / वनभूमि / 2019रायपुर, दिनांक 27.08.2019।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत कृपया अवगत हों कि भारत सरकार (BBNL) द्वारा "National Optical Fibre Network Project" अन्तर्गत "भारतनेट प्रोजेक्ट (A Part of Digital India)" के तहत् छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (CHiPS) रायपुर के माध्यम से छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों के ग्राम पंचायतों को दूरसंचार की आधुनिक सुविधाओं से जोड़ने एवं डिजीटलीकृत करने हेतु 'मेसर्स टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड' को **"कार्यान्वयन सहभागी"** नियुक्त करते हुए छत्तीसगढ शासन,

**TATA PROJECTS LIMITED**
Bharat Net Project, Office No-402, 4th Floor, Offizo, Magneto The Mall, GE Road, Labhandi, Raipur-492001
Mob:-+ 91 7000240007, Email: ajayn@tataprojects.com, www tataprojects.com

Registered Office Mithona Tower ·1- 1-7-80 to 87 Prenderghast Road Secunderabad 500 003 Telangana India
Tel+ 91406673 8801 Fax + 91406617 2535 email: tpl@tataprojects.com www.tataprojects.com
CIN U45203AP1979PLC057431

21/10/19
आवक / लिपिक
कार्यालय जिला-गरियाबंद
छत्तीसगढ़

Scanned by CamScanner

TATA

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, मंत्रालय, महानदी भवन, नया रायपुर द्वारा छत्तीसगढ़ 85 ब्लॉकों के अन्तर्गत 5987 ग्राम पंचायतों को शामिल करते हुए कुल 32000 कि.मी. ग्राम पंचायतों के मार्गो (ग्राम पंचायत से ग्राम पंचायत) में ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु कार्य सम्पदा की निःशुल्क राईट–ऑफ–वे की अनुमति प्रदान की गई है ।

अवगत हों कि आपके जिले के गरियाबंद वनमण्डल क्षेत्रान्तर्गत बिंद्रानवागढ़, छुरा, देवभोग एवं मैनपुर ब्लॉक के अन्तर्गत शामिल ग्राम पंचायतों के मार्गो के समानान्तर वनभूमि पर ऑप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित वनभूमि का FRA प्रतिवेदन एवं राजस्व वनभूमि का अनापत्ति पत्र आवश्यक है ।

साथ ही ज्ञात हो कि चूँकि यह एक Linear Project है, अतएव भारत सरकार, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन, मंत्रालय, इंन्द्रा पर्यावरण भवन, नई दिल्ली द्वारा जारी परिपत्र क्रमांक F.No. 11-09/98-FC (Pt.) दिनांक 28 अक्टूबर 2014'' अनुसार वन अधिकार मान्यता पत्र वितरण संबंधी ग्राम सभा प्रतिवेदन आवश्यक नहीं है । चूँकि प्रस्तावित कार्य एक लिनियर प्रोजेक्ट है एवं मौजूदा मार्ग के राईट–ऑफ–वे के अन्तर्गत बिछाई जावेगी एवं किसी भी वृक्ष अथवा वन सम्पदा तथा शासन द्वारा संचालित सुविधाएँ को क्षति नहीं पहुँचाई जावेगी । अतः महोदय से अनुरोध है कि वन संरक्षण अधिनियम 1980 के अन्तर्गत गैरवानिक प्रयोजन हेतु भूमि व्यपवर्तन बाबत् प्रस्ताव तैयार किए जाने हेतु मार्ग में प्रभावित **17.998 हे. वनभूमि, 1.101 हे. राजस्व वनभूमि, कुल रकबा 19.099 हे.**का FRA प्रतिवेदन एवं राजस्व वनभूमि का अनापत्ति पत्र मार्ग समानांतर प्रस्तावित आप्टिकल फायबर केबल बिछाने हेतु ''CEO छत्तीसगढ़ इंफोटेक प्रमोशन सोसायटी (CHiPS) रायपुर'' के नाम से प्रदान करने की कृपा करें ताकि शासन की महत्वपूर्ण योजना (A Part of Digital India)'' का सफल क्रियान्वयन निर्धारित समयावधि में पूर्ण की जा सके ।

आपके सहयोग एवं मार्गदर्शन की प्रत्याशा में सादर प्रस्तुत ।

TATA PROJECTS LIMITED

(अजय नायक)
प्राधिकृत अधिकारी
टाटा प्रोजेक्ट लिमिटेड
रायपुर (छत्तीसगढ़)

संलग्न :– उपरोक्तानुसार ।

TATA PROJECTS LIMITED
Bharat Net Project, Office No-402, 4th Floor, Offizo, Magneto The Mall, GE Road, Labhandi, Raipur-492001
Mob:-+ 91 7000240007, Email: ajayn@tataprojects.com, www.tataprojects.com

Registered Office Mithona Tower -1- 1-7-80 to 87 Prenderghast Road Secunderabad 500 003 Telangana India
Tel+ 91406673 8801 Fax + 91406617 2535 email: tpl@tataprojects.com www.tataprojects.com
CIN U45203AP1979PLC057431

Scanned by CamScanner